Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to revive the ponds in Eastern Champaran district of Bihar.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): माननीय अध्यक्ष महोदया, मेरे संसदीय क्षेत्र के पूर्वी चम्पारण जिला अंतर्गत पताही प्रखंड का पदुमकेर गांव पौराणिक एवं ऐतिहासिक रूप से काफी महत्वपूर्ण है। लोगों की मान्यता के अनुसार प्राचीन काल में मिथिला क्षेत्र के ओइनवार वंश के राजा शिव सिंह ने पताही प्रखंड में घोड़दौर एवं इससे जुड़े हरवहिया और अन्नवहिया नामक पोखरों को खुदवाया था। एक-दो दशक पूर्व तक उक्त तीनों पोखर कमल एवं कुमुदनी पुष्पों से परिपूर्ण रहते थे जिसकी छटा काफी मनोहारी होती थी एवं आसपास के लोगों के बीच आकर्षण का केन्द्र रहता था। परंतु हाल के वर्षों में उक्त तीनों पोखर जलकुम्भियों से भरते जा रहे हैं, यहां के पेड़-पौधें नष्ट होते जा रहे हैं जो पर्यावरण की दृष्टिकोण से चिंताजनक विषय है। इसके वृक्षों एवं बांधों को काट कर लोग अपने आधिपत्य में लेकर अतिक्रमण करते जा रहे हैं। जिसके कारण उक्त तीनों पोखरों की ऐतिहासिकता, प्राचीनता एवं पहचान समाप्त होने के कगार पर है।

अत: मैं सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध करता हूं कि उपरोक्त पताही प्रखंड अंतर्गत उपरोक्त तीनों पोखरों का एक कार्य योजना के तहत जीर्णोद्धार कराते हुए समग्र विकास के लिए अग्रेतर कार्यवाही करने का कष्ट किया जाए।

माननीय अध्यक्ष: कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल और श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्रीमती रमा देवी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।